# परियोजना का नाम – डायरेक्टर जनरल आफ दी रोमन कैथोलिक डायोसीस के चर्च, प्रीस्ट हाउस,स्कूल,टीचेर्स एण्ड सेर्वेन्ट क्वाटर के लीज नवीनीकरण

प्रतिवेदन
(परियोजना के सम्बन्ध मे संक्षिप्त विवरण)

वन विभाग की भूमि जो कि इलाहाबाद कैथोलिक डायोसीस के डायरेक्टर जनरल को 90 वर्षो की लीज पर स्वीकृत थी जिसकी अवधि 2014 में पूर्ण होती है। उस पर एक कैथोलिक चर्च, प्रीस्ट हाउस, रोजरी विल्ला प्राथमिक विद्यालय कर्मचारियों के आवास व नौकरों के आवास बनें हैं। लीज की अवधि जुलाई 2014 को समाप्त होने वाली है, पट्टा विलेख प्रस्ताव में संलग्न किया गया है जिसका नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है।

सभी धर्मो के लोग चर्च को एक शान्ति का स्थान मानते है जहॉ वे ईश्वर के साथ आत्मरत हो सकते है । कुछ लोग जिन्दगी की भाग दौड से कुछ समय निकालकर यहां प्रार्थना और ध्यान के लिए आते हैं क्योकि चर्च ध्यान के लिए एक उचित स्थान माना गया है।

रोजरी विल्ला प्राथमिक विद्यालय अपने कर्मचारियो के बच्चों, भवाली सैनिटोरियम व आस पास के सभी लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। जैसा कि सारे विद्यालय शहर से काफी दूर स्थित है, जिस कारण बच्चों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। परन्तु रोजरी विल्ला प्राथमिक विद्यालय शहर के पास मे है जिस कारण अभिवावकों को बच्चों की सुरक्षा की चिंता कम करनी पड़ती है। यह विद्यालय बच्चों की शारीरिक ,मानसिक, सामाजिक, नैतिक व बौद्धिक जरूरतों की पूर्ति करता है। यह विद्यालय बच्चों कों पारिवारिक व स्वास्थय वातावरण प्रदान करता है। बच्चों व आसपास के लोगों को दी जा रही इस महत्वपूर्ण सेवा को जारी रखने के लिए हमें इस लीज का नवीनीकरण कराने की आवश्यकता है। कर्मचारी आवास भी अति आवश्यक हैं। क्योंकि विद्यालय व आस पास के लोगों को सेवा देने वाले कर्मचारी उन्हीं आवासों मे रहते है। पूर्व में 2.189 हे॰ आरक्षित भूमि लीज पर स्वीकृत थी। किन्तु वर्तमान उक्त लीज भूमि में मात्र 0.9921 हे॰ वनभूमि का लीज नवीनीकरण किया जाना है जिसका विवरण निम्न प्रकार है

उक्त लीज नवीनीकरण में

| | |
|---|---|
| चर्च / पूजा स्थल.............. | 0.1876 हे० |
| प्रीस्ट हाउस.................... | 0.102 हे० |
| विद्यालय ........................ | 0.266 हे० |
| आवास............................ | 0.1565 हे० |
| भवन / कब्रस्थान............... | 0.280 हे० |
| कुल.............................. | 0.9921 हे० |

(H) B2

(14)

शेष वनभूमि का कब्जा वनाधिकारी भवाली को सौंप दिया गया है। चूंकि शेष वनभूमि केवल प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा मात्र देख रेख की जा रही थी। जिसकी वर्तमान में लीज धारक को कोई आवश्यकता नही है।
विद्यालय मे विद्यार्थियों कि संख्या बढ़ोतरी पर तथा विद्यालय का उच्चीकरण होने पर स्कूल भवन की मरम्मत /सुधार कार्य किया जायेगा।

(प्रयोक्ता एजेन्सी)
Director General, Roman
Catholic Diocese of Allahabad
Allahabad-211001

Principal
Nirmala Convent ... School
KATHGODAM P.O.
Nainital Distt. [U.K.]
Pin-263126

R.D. Bhowali

उप प्रभागीय वनाधिकारी (नै०)
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल.

प्रभागीय वनाधिकारी
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल